# नये वर्ष का पर्व मनाये जाने को लेकर बफर जोन पर वन्य प्राणियों एवं सैलानियों को ध्यान में रखते हुए जारी किए गए निर्देश

**प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी दिनांक 01.01.2026 को नये वर्ष का पर्व मनाया जाना है। अनुविभाग कुरई अंतर्गत पेंच राष्ट्रीय उद्यान, कोरजोन एवं बफर जोन एवं चिहिन्त ईको सिन्सेटिव जोन अतिसंवेदनशील वन्य प्राणी बाहुल्य क्षेत्र के अंतर्गत आता है।**

सिवनी (स्वतंत्रमत )

वन्यप्राणियों के दैनिक क्रियाकलाप एवं मानसिक संतुलन पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े एवं यहां के आमजन की दैनिक गतिविधिया आसपास लोगों तथा विदेश से आये सैलानियों को कोई असुविधा या समस्या न हो को दृष्टिगत रखते हुए यह आवश्यक है कि, संरक्षित क्षेत्र के समीप स्थापित होटल/लॉज/रिसोर्ट में वैवाहिक कार्यक्रम, जुलूस रैली, धरना प्रदर्शन, खेल प्रतियोगिता, पटाखे, पार्टी, टीव्ही, एल.सी.डी. या चलित वाहन आदि में तीव्र ध्वनि विस्तार यत्रो को संचालन को नियंत्रित किया जाना एवं उक्त अवधि के दौरान कानून एवं शाति व्यवस्था, लोक तथा सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न न हो, जिससे लोक परिशांति भंग होने या लोकजन के मध्य विवाद की स्थिति निर्मित होने की संभावना उत्पन्न न होवें।

अत: पेंच राष्ट्रीय उद्यान, कोरजोन एवं बफरजोन तथा चिहिन्त ईको सिन्सेटिव जोन, अतिसंवेदनशील वन्यप्राणी बाहुल्य क्षेत्र को दृष्टिगत रखते हुए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत संरक्षित क्षेत्र के समीप वैवाहिक कार्यक्रम, जुलूस, रैली, धरना प्रदर्शन, खेल प्रतियोगिता, पटाखें, पार्टी, टीव्ही, एल.सी.डी. या चलित वाहन आदि में ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग आज दिनांक 29.12.2025 शाम 05 बजे से दिनांक 05.01.2026 शाम 05 बजे तक पूर्ण: प्रतिबंधित किया जाता है।

यह आदेश तत्काल प्रसारित किया जाना आवश्यक है ऐसी स्थिति में सभी संबंधित व्यक्तियों को सुना जाना संभव नहीं न ही मेरे समक्ष ऐसी परिस्थितिया है जिससे उक्त आदेश सम्यक रूप से व्यक्तिश: तामिल कराया जा सके अत: भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 (2) के अतर्गत यह आदेश एकपक्षीय पारित किया जाता है। उक्त आदेश तत्काल प्रभावशील होगा। साथ ही इस अवधि के दौरान उक्त क्षेत्र में सड़क पर / जंगल/नदी के समीप किसी भी प्रकार की अनाधिकृत गतिविधि/उपद्रव/पार्टी / शराब पीकर गाड़ी चलाने / 10 से अधिक व्यक्तियों को जमावड़ा पाये जाने अथवा किसी भी प्रकार की गतिविधि जिससे आमजन तथा सैलानियों को असुविधा/समस्या हो अथवा वन प्राणियों दैनिक क्रियाकलाप पर प्रतिकूल प्रभाव पड़े अथवा किसी भी प्रकार से कानून एवं शांति व्यवस्था को बाधित किया जाता है तो भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के अंतर्गत दण्डात्मक कार्यवाही की जावेगी।

# कलेक्टर एवं एसपी द्वारा किया गया एफएलएन मेला का अवलोकन

**राज्य शिक्षा केन्द्र का पत्र क्रमांक 3482 दिनांक 11/07/2025 एवं पत्र क्रमांक 2967 दिनांक 26/12/2025 के अनुसार जिले की 2029 शासकीय प्राथमिक शालाओं में एफएलएन मेले का आयोजन किया गया।**

सिवनी (स्वतंत्रमत )



कलेक्टर के निर्देशानुसार समस्ति जिला एवं विकासखण्ड् स्तारीय अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा एफएलएन मेला के अवलोकन एवं बच्चों , माताओ/अभिभावकों के उत्सा्हवर्धन किये जाने हेतु आवंटित विद्यालय में सहभागिता की गई। कलेक्टर महोदय श्रीमती शीतला पटले एवं पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के द्वारा विकासखण्ड छपारा के एक परिसर एक शाला सादक सिवनी एवं विकासखण्ड लखनादौन के शासकीय प्राथमिक शाला सहजपुरी का संयुक्त रूप से अवलोकन किया गया।

एफएलएन मेला के अवलोकन के दौरान कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक महोदय बच्चों, माताओं, अभिभावकों से रूबरू होकर बच्चों का उत्सा्हवर्धन किया। बच्चों से उनके भविष्य से भेंट कार्यक्रम अंतर्गत प्रश्न पूछें गये। बच्चों के द्वारा अपने भविष्या को लेकर सकारात्मिक उत्तोर दिये गये। शासकीय प्राथमिक शाला सहजपुरी में बच्चोंं की बेहतर समझ एवं शैक्षिक गुणवत्तो को लेकर कलेक्ट र एवं पुलिस अधीक्षक महोदय के द्वारा प्रसन्नपता व्य क्तच की गई। एफएलएन मेले में समस्त बच्चों , अभिभावकों, माताओं, आंगनवाडी के बच्चो एवं आंगनवाडी कार्यकर्ता के द्वारा सक्रिय सहभागिता की गई। एफएलएन मेले में बच्चों से मानसिक एवं शारीरिक विकास से संबंधित शैक्षिक एवं सह शैक्षिक गतिविधियां कराई जाकर रिपोर्ट कार्ड शिक्षकों के द्वारा तैयार किये गये। रिपोर्ट कार्ड के माध्यम से प्रत्येक बच्चेक के अभिभावक/माता को बच्चे की शैक्षिक उपलब्धि से अवगत कराया गया।

# कोतवाली पुलिस ने कुख्यात सटोरी लता कुल्हाडे को उसके पति सहित गिरफ्तार कर भेजा जेल

सिवनी (स्वतंत्रमत )

कोतवाली पुलिस ने सट्टा एक्ट के 1 प्रकरण में फरार चल रहे अभियुक्त गिरफ्तारी वारंट की वारंटी लता बाई कल्हाडे पति धनीराम कुल्हाडे निवासी दलसागर के पास भगतसिंह वार्ड थाना कोतवाली जिला सिवनी एवं उसके पति धनीराम कुल्हाडे पिता टेकचंद कुल्हाडे निवासी दलसागर के पास भगतसिंह वार्ड थाना कोतवाली जिला सिवनी को दिनांक 27/11/2025 को उसकी सकुनत से गिरफ्तार कर दिनांक 28/12/2025 को न्यायालय पेश किया गया जहां से माननीय न्यायालय द्वारा उक्त दोनों वारंटियों को जेल भेजा गया है।

**गिरफ़्तार वारंटी**- लता बाई कल्हाडे पति धनीराम कुल्हाडे निवासी दलसागर के पास भगतसिंह वार्ड थाना कोतवाली जिला सिवनी। धनीराम कुल्हाडे पिता टेकचंद कुल्हाडे निवासी दलसागर के पास भगतसिंह वार्ड थाना कोतवाली जिला सिवनी।

**सराहनीय कार्य**- निरीक्षक सतीश तिवारी, सउनि संतोष बेन सिध्दार्थ दुबे, सतीश इनवाती, अकिंत देशमुख, प्रियंका शर्मा, सैनिक मोहम्मद वकील की विशेष भूमिका रही है।

# कोठियां में श्री राम कथा का आयोजन 3 से 11 जनवरी को समापन

बंडोल। विकास खंड सिवनी अंतर्गत बंडोल के समीपस्थ ग्राम कोठियां (दिघौरी) गुरुधाम में बिहिरिया रोड स्थित श्री महावीर हनुमान मंदिर में 3 जनवरी से 11 जनवरी दोपहर 01 बजे से शाम 05.30 बजे तक श्री राम कथा का आयोजन किया गया है जिसमें कथावाचक पंडित निलेश शास्त्री जी द्वारा श्री राम कथा सुनाई जाएगी 11 जनवरी को हवन एवं महाप्रसाद के बाद कथा का समापन होगा आयोजन समिति ने समस्त श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

# उपार्जन केंद्रों से गोदामों तक धान के परिवहन की गति को तेज किया जाए

## कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला उपार्जन समिति की बैठक संपन्न

सिवनी (स्वतंत्रमत )

कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में सोमवार को जिला उपार्जन समिति की बैठक कलेक्टर चेम्बर में आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित धान उपार्जन कार्य की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक में उपार्जित धान की मात्रा, उठाव एवं किसानों को किए जा रहे भुगतान की स्थिति की विस्तार से समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने धान परिवहन व्यवस्था पर विशेष जोर दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि उपार्जन केंद्रों से



गोदामों तक धान के परिवहन की गति को तेज किया जाए, ताकि केंद्रों पर धान का अनावश्यक भंडारण न हो और किसानों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

कलेक्टर श्रीमती पटले ने यह भी निर्देश दिए कि सभी उपार्जन केंद्रों पर केवल एफएक्यू मानक के अनुरूप धान का ही उपार्जन सुनिश्चित किया जाए। किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक केंद्र पर पंखा, छन्ना, हमाल, बैठक व्यवस्था एवं स्वच्छ पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

बैठक में बताया गया कि आज दिनांक तक जिले के 91 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से पंजीकृत 61,051 किसानों में से 29,735 किसानों से कुल 1,82,861.51 मीट्रिक टन धान का उपार्जन किया गया है तथा किसानों को 181.65 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है। कलेक्टर श्रीमती पटले ने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय से कार्य करते हुए धान उपार्जन, परिवहन एवं भुगतान की प्रक्रिया को समयबद्ध और पारदर्शी रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

# दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान के द्वितीय चरण का हुआ शुभारंभ

सिवनी (स्वतंत्रमत )

प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को दोगुना करने के उद्देश्य से पशुपालन एवं डेयरी विभाग, मंत्रालय भोपाल द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में प्रदेश के समस्त जिलों के साथ जिला सिवनी में भी दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान का द्वितीय चरण 17 दिसम्बर 2025 से प्रारंभ किया गया है। उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग ने बताया कि जिले के 1310 ग्रामों में व्यापक स्तर पर गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। अभियान में 214 विभागीय अमला, पशु मैत्री एवं गौ सेवक सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं। ये टीम जिले के लगभग 10,210 पशुपालकों के घर-घर जाकर प्रत्यक्ष भेंट करेगी।




अभियान का मुख्य उद्देश्य पशुपालकों को पशु पोषण, पशु स्वास्थ्य एवं नस्ल सुधार के संबंध में जागरूक करना है, ताकि दुग्ध उत्पादन की मात्रा और गुणवत्ता दोनों में वृद्धि हो सके। पशुपालकों को संतुलित आहार, टीकाकरण, रोग नियंत्रण, कृत्रिम गर्भाधान तथा उन्नत नस्लों के लाभों की जानकारी दी जा रही है।

इसके साथ ही पशुपालकों को दुग्ध व्यवसाय को लाभ का व्यवसाय बनाने के लिए आधुनिक तकनीकों, सरकारी योजनाओं, अनुदान एवं सुविधाओं के बारे में भी मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है। अधिकारियों द्वारा यह भी बताया जा रहा है कि वैज्ञानिक पद्धतियों को अपनाकर कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है।

दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान से जिले में पशुपालकों की आय बढ़ाने, रोजगार के अवसर सृजित करने तथा प्रदेश के दुग्ध उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि की उम्मीद है। अभियान के माध्यम से पशुपालकों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है।

# लंबित पेंशन प्रकरणों के निराकरण के लिए विशेष पेंशन शिविर का आयोजन 31 तक

सिवनी (स्वतंत्रमत )

जिला पेंशन अधिकारी सिवनी ने जानकारी देकर बताया कि माह दिसम्बर 2025 में लंबित पेंशन प्रकरणों के निराकरण के लिए विशेष पेंशन शिविर का आयोजन दिनांक 29 दिसम्बर 2025 से 31 दिसम्बर 2025 तक जिला पेंशन कार्यालय सिवनी में आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शिविर में दिनांक 30 नवम्बर 2025 तक सेवानिवृत्त एवं मृत शासकीय सेवकों के लंबित पेंशन प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। संबंधित कार्यालयों को निर्देशित किया गया है कि उनके यहां लंबित सभी पेंशन प्रकरण, संलग्न सूची के अनुसार, शिविर अवधि में अनिवार्य रूप से जिला पेंशन कार्यालय में जमा कराए जाऐं, साथ ही यह भी निर्देश दिए गए हैं कि पेंशन प्रकरणों के त्वरित निराकरण हेतु संबंधित कार्यालयों के प्रभारी लिपिक शिविर अवधि में जिला पेंशन कार्यालय में उपस्थित रहकर कार्य करें। उन्होंने शिविर अवधि में यदि किसी कार्यालय द्वारा लंबित पेंशन प्रकरण प्रस्तुत नहीं किए जाते हैं, तो संबंधित कार्यालय प्रमुख एवं संबंधित लिपिक का माह दिसम्बर 2025 का वेतन रोके जाने की कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी।

### रोगी कल्याण समिति में दो नागरिक सदस्य हुए नामांकित

सिवनी, सचिव सह सिविल सर्जन रोगी कल्याण समिति जिला चिकित्सालय सिवनी डॉ. विनोद नावकर द्वारा जानकारी देकर बताया गया कि रोगी कल्याण समिति के दिशा-निर्देश 2018 के अनुसार जिले के प्रभारी मंत्री करण सिंह वर्मा द्वारा नामांकित दो गणमान्य नागरिकों को समिति की साधारण सभा में नागरिक सदस्य बनाया गया है। प्रभारी मंत्रीकरण सिंह वर्मा के पत्र क्रमांक 2853 दिनांक 12 दिसम्बर 2025 के अनुसार सतीश दुबे, कस्तूरबा वार्ड, सिवनी एवं सुरेश नागराज ग्राम धारना, तहसील बरघाट को रोगी कल्याण समिति, जिला सिवनी की साधारण सभा में गणमान्य नागरिक सदस्य के रूप में नामांकित किया गया है।

# विधायक दिनेश राय मुनमुन ने की जनसुनवाई

**मंगलवार को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन ने अपने बारापत्थर स्थित कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई मे अनेकों आवेदनों पर सुनवाई कर समस्याओं का निराकरण किये जाने निर्देश दिया।**

सिवनी (स्वतंत्रमत )



आज प्रात: 11 बजे विधायक दिनेश राय मुनमुन जी द्वारा अपने कार्यालय मे आयोजित जनसुनवाई आरंभ की गयी। इस जनसुनवाई में विधानसभा क्षेत्र के दूर-दराज से आए नागरिकों द्वारा अपनी व्यक्तिगत और सार्वजनिक समस्याओं से संबंधित अनेकों आवेदन प्रस्तुत किये गये। जिसमें विधायक श्री दिनेश मुनमुन जी ने प्रत्येक आवेदकों की बात को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि जनता की सेवा ही हमारा मुख्य ध्येय है समस्याओं का शीघ्र और प्राथमिकता के आधार पर निराकरण सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान छपारा नगर से पधारे श्री दिगम्बर जैन पंचायत सभा श्रीमद् जिनेन्द्र पंच कल्याणक महामहोत्सव समिति के पदाधिकारियों ने विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी से मुलाकात कर आगामी 14 जनवरी से 20 जनवरी तक आयोजित श्री 1008 मज्जिनेंद्र पंचकल्याणक प्रतिष्ठा गजरथ महामहोत्सव (विश्व शांति महायज्ञ) कार्यक्रम हेतु आमंत्रण पत्रिका भेंट किया।

# सोपान जांच शिविर 31 दिसंबर से 4 जनवरी तक आयोजित

सिवनी (स्वतंत्रमत )

सोपान जांच शिविर 31 जनवरी से 4 जनवरी तक सिवनी में आयोजित भारत स्काउट गाइड राज्य मुख्यालय के निर्देशानुसार तथा संयुक्त संचालक लोक शिक्षण जबलपुर संभाग के आदेश अनुसार एवं जिला शिक्षा अधिकारी सिवनी शिव सिंह कुमरे के मार्गदर्शन में दिनांक 31 दिसंबर 2020 से 4 जनवरी 2026 तक सिवनी जिले के सेंट फ्रांसिस विद्यालय लुघरवाडा सिवनी में संभाग स्तरीय तृतीय सोपान जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिला स्काउटर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार इस शिविर में सहभागिता करने वाले सभी स्काउट गाइड जिन्होंने द्वितीय सोपान सफलता पूर्ण कर लिया है।

इस शिविर में शामिल होंगे इस शिविर में सफल होने के पश्चात जिले के यह स्काउट गाइड आगामी 6 माह के पश्चात राज्यपाल पुरस्कार हेतु पात्र होंगे उनके इस सफ़लता से विद्यालय के साथ जिला भी गौरवान्वित होगा इस हेतु सिवनी बरघाट के केवलारी विकासखंड के सभी शासकीय तथा अशासकीय विद्यालयों को जिला अधिकारी कार्यालय द्वारा पत्र के माध्यम से स्काउट गाइड को इस शिविर में अनिवार्य रुप से शामिल करने हेतु निर्देशित किया गया है।

जबलपुर संभाग के अंतर्गत सिवनी मंडला जबलपुर कटनी के स्काउट गाइड अपनी सहभागिता प्रदान करेंगे सफल आयोजन हेतु जिले के समस्त शासकीय तथा शासकीय विद्यालयों के संस्था प्रमुख से इस शिविर में अनिवार्य रूप से शामिल कराने का अनुरोध एल टी स्काउट विजय शुक्ला द्वारा की गई है इस शिविर की समापन पूर्ण संध्या दिनांक 3 जनवरी 2026 को शाम 5 बजे आयोजित की जाएगी अधिक जानकारी हेतु आप दूरभाष 9425446804 पर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

# कलेक्टर ने राहवीर योजना का प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिये

सिवनी (स्वतंत्रमत )

कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर कलेक्टर सी.एल. चनाप, अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खंडायत, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सिवनी श्रीमती पूर्वी तिवारी सहित समस्त विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। खंड स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में जुड़े। बैठक में कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने समय-सीमा में दर्ज विभिन्न बिंदुओ, सीएम हेल्प लाइन, जनसुनवाई के प्रकरणों सहित हितग्राहीमूलक योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने सीएम कार्यालय, जनप्रतिनिधियों से प्राप्त शिकायतों तथा वरिष्ठ कार्यालयों से प्राप्त पत्रों की विभागवार समीक्षा कर



प्रकरणों के गुणवत्तापूर्ण एवं समय-सीमा में निराकरण के निर्देश दिये। उन्होंने विभागवार न्यायालयीन प्रकरणों की भी समीक्षा कर संबंधित विभाग प्रमुखों को सभी लंबित प्रकरणों में जवाब दावा प्रस्तुत करने के निर्देश दिये हैं। कलेक्टर श्रीमती पटले ने विभागवार लंबित समय-सीमा में दर्ज प्रकरणों की भी विस्तृत समीक्षा की तथा सीधे कार्यालय प्रमुखों से चर्चा कर प्रकरणों के लंबित रहने के कारणों को जाना। उन्होंने निर्देशित किया कि समय-सीमा में दर्ज होने वाले प्रत्येक प्रकरण का निराकरण नियमानुसार समय-सीमा में किया जाए। उन्होंने सभी लंबित प्रकरणों के एक सप्ताह के भीतर निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये हैं।

बैठक में कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने खाद एवं बीज भंडारण की स्थिति की भी विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने किसानों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए सभी केन्द्रों में सभी जरूरी व्यवस्थाओं के साथ ही पर्याप्त भंडारण एवं सुगम वितरण की व्यवस्थाओं के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया है। उन्होंने केन्द्रों में पहुंचने वाले किसानों को समयवार टोकन उपलब्ध कराने के निर्देश दिये ताकि सुगम वितरण हो सके।

कलेक्टर श्रीमती पटले ने धान उपार्जन की प्रगति की समीक्षा कर केन्द्रों से उपार्जित धान के त्वरित उठाव की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश जिला आपूर्ति अधिकारी को दिये हैं। उन्होंने अनुबंधित परिवहनकर्ताओं के माध्यम से वाहन संख्या बढाकर उठाव की गति में तेजी लाने के लिए निर्देशित किया है साथ ही जिला परिवहन अधिकारी को भी अतिरिक्त वाहनों के अधिग्रहण के लिए निर्देशित किया है। कलेक्टर श्रीमती पटले ने मंगलवार को जिले के 2029 प्राथमिक विद्यालयों में आयोजित होने वाले एफएलएन मेले की तैयारियों की जानकारी लेकर गतिविधि के व्यवस्थित आयोजन को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश जिला शिक्षा केन्द्र के अधिकारियों को दिये है। उन्होंने बैठक में उपस्थित जिला अधिकारियों को भी अपने भ्रमण के दौरान अनिवार्य रूप से किसी प्राथमिक विद्यालय में पहुंचकर गतिविधि का अवलोकन करने के लिये निर्देशित किया है। कलेक्टर श्रीमती पटले ने जिला परिवहन अधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों को समय में चिकित्सालय पहुंचाने तथा त्वरित उपचार की व्यवस्था के लिए शासन की राहवीर योजना का प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिये हैं। कलेक्टर श्रीमती पटले ने जिले में प्राकृतिक खेती को बढावा देने, उत्पादक कृषकों को उनके उत्पाद का उचित मूल्य दिलाकर प्रोत्साहित करने के लिए बायर-सेलर मीट जैसी गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश कृषि विभाग के अधिकारियों को दिये हैं।

# 2025 में बड़ी घटना रही रोहित-विराट का टेस्ट से संन्यास

नयी दिल्ली (वार्ता)।

स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा और विराट कोहली का खेल के सबसे लम्बे फॉर्मेट टेस्ट से संन्यास 2025 की सबसे बड़ी घटना रही। यह साल भारतीय क्रिकेट के लिए एक ऐतिहासिक साल साबित हुआ, जिसमें ऐतिहासिक जीत और रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन हुए, हालांकि कुछ दिल तोड़ने वाली हार भी मिलीं। साल की शुरुआत भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के लिए एक शानदार जीत के साथ हुई, जब उन्होंने 2025 आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीती। 9 मार्च को, भारत ने दुबई में खेले गए एक रोमांचक फाइनल में न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराया और पूरे टूर्नामेंट में अजेय रहा। रोहित शर्मा ने आगे बढ़कर नेतृत्व किया, फाइनल में महत्वपूर्ण 76 रन बनाए और प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जीता। इस जीत के साथ भारत ने तीसरी बार चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता, जिससे वैश्विक क्रिकेट में एक मजबूत टीम के रूप में उनकी स्थिति और मजबूत हुई।

### भारत की पहली महिला क्रिकेट विश्व कप जीत

महिला क्रिकेट में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर तब हासिल हुआ जब भारत ने आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप की मेजबानी की और उसे जीता। सितंबर के आखिर से 2 नवंबर तक, भारत की महिला टीम ने असाधारण प्रतिभा और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन किया, जिसका नतीजा नवी मुंबई में फाइनल में दक्षिण अफ्रीका पर 52 रनों की जीत के रूप में निकला। यह भारत की पहली महिला क्रिकेट विश्व कप जीत थी, जो देश में महिला क्रिकेट के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण था और इसने पूरे देश में खिलाड़ियों की एक नई पीढ़ी को प्रेरित किया।

### भारत ने एशिया कप का खिताब बरकरार रखा

सितंबर में उत्साह जारी रहा जब भारत ने एशिया कप (टी20) का



खिताब बरकरार रखा, 28 सितंबर को दुबई में एक और हाई-प्रोफाइल मुकाबले में अपने कट्टर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को पांच विकेट से हराया। इस जीत के साथ भारत ने नौवीं बार एशिया कप जीतकर अपना रिकॉर्ड बढ़ाया, जिससे महाद्वीप में टी20 फॉर्मेट में उनका दबदबा और मजबूत हुआ। इस जीत का पूरे देश में बड़े पैमाने पर जश्न मनाया गया, प्रशंसकों ने पाकिस्तान के खिलाफ एक और तनावपूर्ण मुकाबले में खिलाड़ियों के लचीलेपन और कौशल की सराहना की।

### इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 और वनडे सीरीज जीती

जनवरी में भारत का दबदबा रहा, उसने इंग्लैंड के खिलाफ टी20 और वनडे सीरीज क्रमश: 4-1 और 3-0 से जीतीं। दोनों टीमों ने इस साल एक और द्विपक्षीय सीरीज खेली। अनुभवी खिलाड़ी रोहित शर्मा और विराट कोहली के इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले खेल के सबसे लंबे फॉर्मेट से संन्यास लेने के बाद, युवा शुभमन गिल को नया कप्तान बनाया गया, जिससे भारतीय क्रिकेट में एक नए युग की शुरुआत हुई। साल के आखिर में, भारत ने वेस्टइंडीज को टेस्ट सीरीज में 2-0 से हराया, लेकिन ऑस्ट्रेलिया में वनडे सीरीज हार गया। हालांकि, उन्होंने वापसी करते हुए अगली पांच मैचों की टी20 सीरीज में कंगारुओं को हरा दिया। साल के आखिर में भारतीय टीम अपने सबसे बुरे दौर से गुजरी, जब उसे घर पर दक्षिण अफ्रीका से टेस्ट सीरीज में 2-0 से हार का सामना करना पड़ा।

### विश्व स्तर पर, 2025 में क्रिकेट का परिदृश्य गतिशील था

घरेलू मोर्चे पर, भारत की प्रमुख लिस्ट ए प्रतियोगिता, विजय हजारे ट्रॉफी में साल की शुरुआत में कर्नाटक चैंपियन बना। बाद में दिसंबर में, बिहार ने विजय हजारे प्लेट ग्रुप मैच में 574/6 का शानदार स्कोर बनाकर लिस्ट ए इतिहास में नया सबसे बड़ा टीम टोटल बनाने का रिकॉर्ड बनाया। इस प्रदर्शन ने घरेलू क्रिकेट में बढ़ती प्रतिस्पर्धा और वैश्विक बेंचमार्क स्थापित करने में सक्षम नई प्रतिभाओं के उभरने को उजागर किया। विश्व स्तर पर, 2025 में क्रिकेट का परिदृश्य भी उतना ही गतिशील था। जून में लॉर्ड्स में वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका विजयी हुआ, जबकि इंग्लैंड ने साल के आखिर में ऑस्ट्रेलिया में एशेज टेस्ट में एक ऐतिहासिक जीत हासिल की।

### रिकॉर्ड तोड़ने वाले घरेलू कारनामे

पीछे मुड़कर देखें तो, 2025 को भारतीय क्रिकेट के लिए एक निर्णायक साल के रूप में याद किया जाएगा। प्रमुख आईसीसी टूर्नामेंट में सफलता, रिकॉर्ड तोड़ने वाले घरेलू कारनामे और नई प्रतिभाओं के उदय ने उत्कृष्टता और लचीलेपन की कहानी गढ़ी। पुरुष और महिला दोनों टीमों ने न केवल प्रतिष्ठित ट्रॉफियां जीतीं, बल्कि देश भर में लाखों लोगों को प्रेरित भी किया।

# महिला टी-20 रैंकिंग में चार पायदान चढ़ीं शेफाली

## मंधाना नंबर तीन पर बरकरार


**दुबई (वार्ता)।** श्रीलंका के खिलाफ चल रही टी-20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज में शानदार प्रदर्शन के बाद शेफाली वर्मा आईसीसी महिला टी20 रैंकिंग में चार पायदान चढ़कर छठे स्थान पर आ गयी हैं, जबकि उप-कप्तान और सलामी बल्लेबाज़ स्मृति मंधाना तीसरे स्थान पर बरकरार हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ओर से मंगलवार को जारी नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, शेफ़ाली 736 अंकों के साथ छठे पायदान पर हैं, जबकि मंधाना 767 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर बरकरार हैं।



एक पायदान नीचे गिरने के बावजूद जेमिमा रॉड्रिग्ज़ (10वां पायदान) शीर्ष 10 में तीसरी भारतीय बल्लेबाज के तौर पर बरकरार हैं। शेफ़ाली अब तक सीरीज के चार मैचों में तीन अर्द्धशतकों के साथ 227 रन बटोर चुकी हैं और तालिका में शीर्ष पर काबिज ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी से सिर्फ 60 अंक पीछे हैं भारतीय विकेटकीपर ऋचा घोष ने भी चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय में नाबाद 40 रन बनाकर रैंकिंग में 20वें पायदान पर जगह बना ली है। इस बीच, टी20 गेंदबाजों की रैंकिंग में रेणुका सिंह और श्री चरणी को सबसे ज़्यादा फायदा हुआ है। रेणुका ने श्रीलंका सीरीज के तीसरे मैच में टीम में वापसी करते हुए चार विकेट लिए और इसके नतीजे में टी20 गेंदबाजों की नवीनतम रैंकिंग आठ पायदान ऊपर चढ़कर छठे नंबर पर आ गयीं। बाएं हाथ की स्पिनर श्री चरणी ने श्रीलंका के खिलाफ शुरुआती चार मैचों में चार विकेट लिए और रैंकिंग में 17 पायदान चढ़कर कुल 52वें नंबर पर पहुंच गयी हैं। दीप्ति शर्मा इस लिस्ट में 738 अंकों के साथ शीर्ष पर बरकरार हैं।

# दिल्ली की अद्या कात्याल ने जूनियर महिला ट्रैप का खिताब जीता

**नयी दिल्ली,(वार्ता)।** दिल्ली की अद्या कात्याल ने 68वीं नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिताओं (शॉटगन) के फाइनल में शांत और संयमित प्रदर्शन करते हुए जूनियर महिला ट्रैप का खिताब अपने नाम किया। डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में आयोजित इस प्रतियोगिता में अद्या ने 42 हिट्स के साथ शीर्ष स्थान प्राप्त किया। उत्तर प्रदेश की साबीरा हरीस ने अंतिम चरण तक अद्या को कड़ी टक्कर दी लेकिन 41 हिट्स के साथ रजत पदक पर संतोष करना पड़ा। तमिलनाडु की तनीष्का सेनथिलकुमार ने 28 हिट्स के साथ कांस्य पदक जीता। अद्या ने क्वालिफिकेशन राउंड में 112 हिट्स के प्रभावशाली स्कोर के साथ टॉप किया और अपनी शानदार फॉर्म को फाइनल में जारी रखा। दिल्ली की भव्या त्रिपाठी क्वालिफिकेशन में दूसरे स्थान पर रही (110 हिट्स) लेकिन फाइनल में छठे स्थान पर समाप्त हुई (11 हिट्स)। तनीष्का तीसरे स्थान पर क्वालिफाई की (105 हिट्स), इसके बाद राजस्थान की दर्शना राठौर (104), साबीरा हरीस (102), और दिल्ली की अनन्या यादवांशी (101) ने टॉप-6 की सूची पूरी की और पदक राउंड में प्रवेश किया। फाइनल में अद्या ने दबाव के बावजूद निरंतरता बनाए रखी और निर्णायक क्षणों में बढ़त लेकर स्वर्ण पदक सुनिश्चित किया। साबीरा ने अंतिम सीरीज तक मजबूत चुनौती दी और अंत में केवल एक हिट से पीछे रह गई। तनीष्का ने




फाइनल के मध्य चरण में स्थिर प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान प्राप्त किया, दर्शना राठौर चौथे (23 हिट्स) और अनन्या यादवांशी पांचवें (17 हिट्स) स्थान पर रही। दिल्ली ने अद्या कात्याल, भव्या त्रिपाठी और अनन्या यादवांशी के योगदान से जूनियर महिला ट्रैप टीम गोल्ड अपने नाम किया, कुल स्कोर 323 रहा। तमिलनाडु ने तनीष्का सेनथिलकुमार, निला राजा बालू और अंतरा राजसेकर के प्रदर्शन के साथ 295 स्कोर कर टीम में दूसरा स्थान पाया। राजस्थान ने दर्शना राठौर, मैत्रेयी सिंह और माहिका किटावत के साथ तीसरा स्थान हासिल किया, कुल स्कोर 274 रहा। 68वीं एनएससीसी की कार्रवाई नए साल में जारी रहेगी।

# सिडनी में इंग्लैंड के लिए टेस्ट नंबर 3 की भूमिका पक्की करना चाहते हैं बेथेल

**लंदन, (वार्ता)।** इंग्लैंड के युवा खिलाड़ी जैकब बेथेल मेलबर्न में अपने शानदार प्रदर्शन को आगे बढ़ाने और सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आखिरी एशेज टेस्ट में एक और दमदार प्रदर्शन के साथ नंबर 3 की जगह पक्की करने का लक्ष्य बना रहे हैं।



इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) के अनुसार, बेथेल ने एमसीजी में बॉक्सिंग डे टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया पर इंग्लैंड की चार विकेट से जीत में अहम भूमिका निभाई, इस बोल्ड बाएं हाथ के खिलाड़ी ने अपनी उम्र से ज़्यादा धैर्य दिखाते हुए मैच की आखिरी इनिंग्स में कीमती 40 रन बनाए और अपनी टीम को जीत का टारगेट पार कराने में मदद की। यह एशेज सीरीज में बेथेल का पहला मौका था क्योंकि मुख्य खिलाड़ी ओली पोप को शुरुआती तीन टेस्ट के लिए प्राथमिकता दी गई थी, जिनमें इंग्लैंड अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया था, 22 साल के इस खिलाड़ी को 4 जनवरी को सिडनी में शुरू होने वाले सीरीज के आखिरी मैच में यह अहम जगह अपनी जगह बनाने का एक और मौका मिलने की संभावना है। बेथेल ने कहा, मुझे तीन नंबर पसंद हैं। आप तब आते हैं जब बॉल नई होती है और कुछ सिनेरियो में बॉल हर तरफ जा रही होती है, लेकिन दूसरे सिनेरियो में जब बॉलर विकेट लेने की कोशिश कर रहे होते हैं और फील्ड अटैकिंग होती है तो स्कोर करने के मौके मिलते हैं, बहुत गैप होता है। बेथेल ने कहा, मुझे इसे अपनी पोजीशन कहने के लिए अभी भी बहुत कुछ करना है।मैं (इस जगह को अपना बनाना) चाहूंगा।

# अर्जुन एरिगैसी से हार के बाद मैग्नस कार्लसन ने आपा खो दिया

**दोहा (वार्ता)।** नॉर्वेजियन शतरंज सुपरस्टार मैग्नस कार्लसन सोमवार को फिडे वर्ल्ड ब्लिट्ज चैंपियनशिप में भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी से हारने के बाद अपना आपा खोने के कारण एक बार फिर गलत वजहों से सुर्खियों में आ गए। मौजूदा वर्ल्ड रैपिड और वर्ल्ड ब्लिट्ज चैंपियन कार्लसन को नौवें राउंड में एरिगैसी ने हराया, जिसमें भारतीय जीएम ने काले मोहरों से खेलते हुए शानदार कैलकुलेशन और मजबूत एंडगेम तकनीक का प्रदर्शन किया। हार के कुछ ही देर बाद, कार्लसन को निराशा में मेज पीटते हुए देखा गया, इस घटना को वीडियो में कैद कर लिया गया और यह सोशल मीडिया पर तेज़ी से वायरल हो गया, जिसे फैंस ने कार्लसन आउटबर्स्ट 2.0 नाम दिया। यह घटना कार्लसन के जून में नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में डी गुकेश से हारने के बाद अपना आपा खोने के कुछ ही महीनों बाद हुई है। अपनी दिग्गज स्थिति और सफलता के बावजूद, दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी की हार को शालीनता से स्वीकार न करने के लिए अक्सर आलोचना की जाती रही है।



एरिगैसी की कार्लसन पर जीत महत्वपूर्ण साबित हुई, क्योंकि 22 वर्षीय भारतीय 11 राउंड के बाद नौ अंकों के साथ फ्रांस के मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव के साथ स्टैंडिंग में शीर्ष पर पहुंच गया। भारतीय खिलाड़ी ने इस ऐतिहासिक जीत के बाद 10वें राउंड में उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव को हराकर थोड़े समय के लिए आधे अंक की बढ़त बना ली, जिसके बाद 11वें राउंड में अमेरिकी जीएम फैबियानो कारुआना के साथ ड्रॉ खेला। पहले दिन दो राउंड बाकी रहते हुए, कार्लसन रिकॉर्ड नौवें वर्ल्ड ब्लिट्ज खिताब के लिए दौड़ में बने हुए हैं, उन्होंने रविवार को पहले ही अपना छठा वर्ल्ड रैपिड खिताब जीत लिया है। वह वर्तमान में आठ अंकों के साथ आठ खिलाड़ियों के समूह में हैं, जिसमें शीर्ष दावेदार अलीरेज़ा फ़िरोज़ा और भारत के सुनीलदत्त नारायणन भी शामिल हैं। कारुआना, दानिल डुबोव और चीन के यू यांगयी 8.5 अंकों के साथ संयुक्त नेताओं से थोड़ा पीछे हैं, जिससे चैंपियनशिप के निर्णायक चरणों में पहुंचने पर कड़ी टक्कर की उम्मीद है।

# सेंसेक्स-निफ्टी में मामूली गिरावट

**मुंबई (वार्ता)।** विदेशों से मिले मिश्रित संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को प्रमुख सूचकांक दिन भर के उतार-चढ़ाव के बाद मामूली गिरावट में बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 20.46 अंक (0.02 प्रतिशत) गिरकर 84,675.08 अंक पर बंद हुआ। यह ऊपर 84,806.99 अंक और नीचे 84,470.94 अंक तक गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 3.25 अंक यानी 0.01 प्रतिशत टूटकर 25,938.85 अंक पर आ गया। वृहद बाजार पर दबाव रहा। मझौली और छोटी कंपनियों में बिकवाली यादा देखी गयी। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.22 फीसदी और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.28 फीसदी नीचे बंद हुआ। धातु, बैंकिंग और ऑटो



सेक्टरों में लिवाली की जोर रहा। वहीं, रियलिटी, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, रियलिटी, आईटी, रसायन और स्वास्थ्य समूहों में बिकवाली हावी रही। एनएसई में जिन 3,244 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ उनमें 1,723 के शेयरों में तेजी और 1,409 में गिरावट रही। अन्य 112 कंपनियों के शेयर अंतत: अपरिवर्तित रहे। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 18 के शेयर लाल निशान में बंद हुए। इटरनल में सबसे अधिक 2.10 फीसदी की गिरावट रही। इंडिगो का शेयर 1.37 प्रतिशत, इंफोसिस का 1.28 और एशियन पेंट्स का 1.09 प्रतिशत टूट गया। अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फाइनेंस, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, आईटीसी, टाइटन और ट्रेंट के शेयर भी लाल निशान में बंद हुए। टाटा स्टील का शेयर 2.03 प्रतिशत और महिंद्रा एंड महिंद्रा का दो प्रतिशत मजबूत हुआ। बजाज फिनसर्व का शेयर 1.66 प्रतिशत और एक्सिस बैंक का 1.13 प्रतिशत चढ़ गया। भारतीय स्टेट बैंक, भारती एयरटेल, एलएंडटी और अडानी पोर्ट्स में भी तेजी देखी गयी। वैश्विक स्तर पर जापान का निक्केई 0.37 प्रतिशत लुढ़क गया जबकि हांगकांग के हैंगसेंग में 0.86 फीसदी की तेजी रही। चीन का शंघाई कंपोजिट सपाट बंद हुआ। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स और ब्रिटेन का एफटीएसई दोनों 0.19 प्रतिशत ऊपर थे।

# पर्यटन के लिए प्रचुर संसाधन, फिर भी विदेशी पर्यटकों को लुभाने में पिछड़ रहा है भारत: रिपोर्ट

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** भारत में पर्यटन के लिए प्रचुर प्राकृतिक, ऐतिहासिक और धार्मिक संसाधन मौजूद होने के बावजूद बुनियादी ढांचों की कमी के कारण भारत विदेशी सैलानियों को लुभाने के मामले में पिछड़ रहा है। बाजार अध्ययन एजेंसी क्रिसिल इंटेलिजेंस की मंगलवार को जारी रिपोर्ट में यात्रा एवं पर्यटन विकास सूचकांक 2024 के हवाले से बताया गया है कि पर्यटन के लिए संसाधनों के मामले में भारत दुनिया में सातवें स्थान पर है जो यह दिखाता है कि हमारे पास कितनी सांस्कृतिक और प्राकृतिक संपदा है। हालांकि पर्यटकों के लिए सुविधाओं के मामले में खामियों के कारण यहां उस अनुपात में पर्यटक नहीं आते जितने आने चाहिये। रिपोर्ट में कहा गया है कि अनुकूल परिवेश के मामले में भारत का स्थान 102वां



है। यहां सुरक्षा, सफाई और नियामक नीतियों में निरंतरता की कमी है। बुनियादी ढांचा और सेवाओं के मामले में हम 52वें स्थान पर हैं। इसमें सीमित होटल क्षमता, अंतिम बिन्दु तक संपर्क साधनों की कमी और अल्पविकसित सर्किटों को रेखांकित किया गया है। यात्रा एवं पर्यटन में पर्यावरण का ख्याल रखने के मामले में भारत को 78वां स्थान प्राप्त है और कई लोकप्रिय स्थलों पर भीड़-भाड़ की समस्या भी है। क्रिसिल इंटेलिजेंस का कहना है कि देश के पर्यटन क्षेत्र में 90 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों का है जिनमें होटल, होमस्टे, हस्तशिल्प, खाने-पीने के आउटलेट, स्थानीय गाइड, टूर ऑपरेटर और परिवहन सेवा देने वाले शामिल हैं। स्पष्ट है कि पर्यटन बढ़ने से स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के साधन बढ़ते हैं। साल 2024 में देश में पर्यटकों की संख्या करीब 294 करोड़ रही जिसमें 99.3 प्रतिशत घरेलू और मात्र 0.7 प्रतिशत विदेशी थे। देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में पर्यटन की हिस्सेदारी महज 5.2 प्रतिशत है। वहीं, वैश्विक और दक्षिण-पूर्व एशिया में यह औसत 10-10 प्रतिशत है। यूरोप का औसत 9.6 प्रतिशत और उत्तरी अमेरिका का 8.9 प्रतिशत है। साल 2024 में 2.06 करोड़ विदेशी सैलानी भारत आये और इस मामले में हमारी हिस्सेदारी 1.4 प्रतिशत रही। फ्रांस में साल 2024 में विदेशी पर्यटकों की संख्या 10.2 करोड़ (6.96 प्रतिशत), स्पेन में 8.9 करोड़ (6.08 प्रतिशत), अमेरिका में 6.65 करोड़ (4.54 प्रतिशत), तुर्की में 5.99 करोड़ (4.09 प्रतिशत) और इटली में 5.7 करोड़ (3.89 प्रतिशत) रही।



# दालों,तेलों में घट-बढ़ चावल, चीनी मजबूत

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में सोमवार को चावल के औसत भाव बढ़ गये। चीनी भी महंगी हुई जबकि गेहूं में टिकाव देखा गया। दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत दो रुपये बढ़कर 3,853 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गयी। गेहूं 2,852 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग गत दिवस के स्तर पर ही रहा। आटा आठ रुपये महंगा हुआ। दाल-दलहनों में चना दाल औसतन 18 रुपये प्रति क्विंटल टूट गयी। उड़द दाल 16 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। मूंग दाल की कीमत सात रुपये और मसूर दाल की पांच रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। तुअर दाल की कीमत कमोबेश स्थिर रही। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मार्च वायदा 24 रिंगिट चढ़कर 4071 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं, मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.20 प्रतिशत की बढ़त के साथ 49.39 डॉलर के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल की औसत कीमत 63 रुपये प्रति क्विंटल टूट गयी।

# सरकार ट्रेजरी बिलों के जरिये अंतिम तिमाही में जुटायेगी 3,84,000 करोड़

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** केंद्र सरकार ने चालू वित्त वर्ष की अंतिम तिमाही (जनवरी-मार्च 2026) के लिए 3,84,000 करोड़ रुपये के ट्रेजरी बिलों की नीलामी का कैलेंडर जारी किया है। ट्रेजरी बिल वह माध्यम है जिससे सरकार अल्पावधि ऋण जुटाती है। ये अंकित मूल्य से कम पर बेचे जाते हैं और मियाद पूरी होने पर टी-बिल खरीदने वाले को अंकित मूल्य के बराबर पैसा मिलता है। वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि ये ट्रेजरी



बिल 91 दिन, 182 दिन और 364 दिन की मियादों के साथ अलग-अलग मूल्य के लिए जारी किये जायेंगे। पहली नीलामी 07 जनवरी 2026 को और उसके बाद 25 मार्च तक हर सातवें दिन होगी। कैलेंडर के मुताबिक, पहले पांच सप्ताह तीनों मियादों को मिलाकर कुल 29-29 हजार करोड़ रुपये के टी-बिल की नीलामी होगी। अगले छह सप्ताह कुल 34-34 हजार करोड़ रुपये के और 25 मार्च को 35 हजार करोड़ रुपये के टी-बिल की नीलामी होगी। नीलामी के बाद अगले कार्य-दिवस पर टी-बिल जारी किये जायेंगे। मंत्रालय ने बताया कि रिजर्व बैंक इस कैलेंडर और टी-बिल की प्रस्तावित नीलामी की राशि में भविष्य में बदलाव भी कर सकता है जिसकी सूचना प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी जायेगी।

# बीएसई ने गैर-पंजीकृत सलाहकारों के मोबाइल नंबर जारी कर निवेशकों को किया सावधान

मुंबई (वार्ता)।

बीएसई ने अवैध बिचौलियों के मोबाइल नंबर जारी कर निवेशकों को उनसे सावधान रहने की सलाह दी है। बीएसई ने मंगलवार को तीन मोबाइल नंबर जारी करते हुए बताया कि इन नंबरों से व्हाट्सऐप पर लोगों को निवेश और शेयर बाजार में कारोबार के बारे में सलाह तथा खाता संचालन की सेवा देने की पेशकश की जाती है जबकि वे सेबी के पास पंजीकृत सलाहकार नहीं हैं। ये नंबर और व्हाट्सऐप पर उनके साथ दिखने वाले नाम हैं - 9151085650 तथा 9151085632 (दोनों के नाम आदित्य) और 9076850045 (ऋषभ)। शेयर बाजार ने बताया है कि वे न तो बीएसई पर पंजीकृत सदस्य हैं और न ही किसी पंजीकृत सदस्य द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति।

# मोदी ने 2025 को भारत में गहरे सुधारों का वर्ष बताया

## निवेशकों से निवेश करते रहने की अपील की

नयी दिल्ली (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2025 को भारत में अगली पीढ़ी के सुधारों के माध्यम से तेज प्रगति का वर्ष बताते हुए मंगलवार को कहा कि देश में हो रहे नवाचार आज वैश्विक आकर्षण का केंद्र बन गये हैं। प्रधान मंत्री ने देश विदेश के लोगों की भारत की विकास की कहानी में भरोसा बनाये रखने और भारत में निवेश करते रहने की अपील की है। श्री मोदी ने देश में आर्थिक और नियामकीय बदलावों के बारे में सोशल मीडिया मंच लिंक्डइन पर एक प्रस्तुति में लिखा कि देश के लोगों में नवाचार के भाव के चलते भारत आज वैश्विक ध्यान का केंद्र बनकर उभरा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 2025 के सुधारों की विशेषता केवल उनका विस्तार नहीं, बल्कि उनकी अंतर्निहित सोच भी है जिनमें नियंत्रण के बजाय सहयोग और विनियमन के बजाय सुविधा को स्थान दिया जा रहा है। उन्होंने लिखा, आज दुनिया भारत को आशा और विश्वास के साथ देखती है। वे उस तरीके की सराहना करते हैं, जिससे अगली पीढ़ी के,



विभिन्न क्षेत्रों को जोड़ने वाले सुधारों के माध्यम से प्रगति की गति तेज हुई है और देश की विकास क्षमता को नई ऊँचाई मिली है। श्री मोदी ने इस प्रस्तुति में फिर कहा कि भारत ने रिफॉर्म एक्सप्रेस पर सवारी कर ली है और तीव्र सुधारों की इस गाड़ी का मुख्य इंजन देश की युवा आबादी और हमारे लोगों की अदम्य इच्छाशक्ति है। उन्होंने लिखा है 2025 को भारत एक ऐसे वर्ष के रूप में याद रखेगा, जब पिछले 11 वर्षों में तय की गई जमीन पर मजबूती से आगे बढ़ते हुए सुधारों को एक सतत राष्ट्रीय मिशन के रूप में आगे बढ़ाया गया। हमने संस्थानों का आधुनिकीकरण किया, शासन को सरल बनाया और दीर्घकालिक, समावेशी विकास की मजबूत नींव रखी। श्री मोदी ने कहा हमने अधिक महत्वाकांक्षा, तेज़ क्रियान्वयन और गहन परिवर्तन के साथ निर्णायक रूप से आगे कदम बढ़ाए। ये सुधार नागरिकों को गरिमा के साथ जीवन जीने, उद्यमियों को आत्मविश्वास के साथ नवाचार करने और संस्थानों को स्पष्टता एवं विश्वास के साथ कार्य करने में सक्षम बनाते हैं। उन्होंने इसी संदर्भ में जीएसटी में सुधार, सालाना 12 लाख रुपये तक कमाने वालों को आयकर से मुक्त रखने के कदम, सरल और आधुनिक आयकर अधिनियम, 2025 को लागू किये जाने, छोटी और मझौली कंपनियों की परिभाषाओं में बदलाव कर उन्हें रियायतों और लाभों की चिंता किये बिना कारोबार और निवेश के विस्तार के लिए प्रोत्साहित करने और बीमा क्षेत्र में शत प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की अनुमति जैसे बड़े कदमों का जिक्र किया। उन्होंने प्रतिभूति बाजार विनियमन में सुधार के लिए संसद में प्रस्तुत प्रतिभूति बाजार संहिता विधेयक, समुद्री और समुद्री संसाधनों वाली अर्थव्यवस्था में सुधार के लिए वर्ष के दौरान पारित तटीय जहाजरानी, मर्चेंट शिपिंग, भारतीय बंदरगाह विधेयक और समुद्र मार्ग से माल ढुलाई आदि क्षेत्रों से जुड़े पाँच ऐतिहासिक कानूनों को पारित कराये जाने का भी जिक्र किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जन विश्वास बढ़ाने के लिये सैकड़ों पुराने कानून हटाए गए हैं, श्रम बाजार में ऐतिहासिक सुधार के लिए 29 बिखरे कानूनों को चार आधुनिक श्रम संहिताओं में समाहित कर लागू किया गया हैं। इससे श्रमिक हितों की सुरक्षा के साथ व्यवसायिक माहौल को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने 2025 में भारतीय उत्पादों के लिए विविध और विस्तारित बाज़ार उपलब्ध कराने के लिए न्यूज़ीलैंड, ओमान और ब्रिटेन के साथ हुए व्यापार समझौतों का भी उल्लेख किया है।